भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1811
10 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

असम में पीएमएमएसवाई

1811. श्री अमरसिंग टिस्सो:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने असम के कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ के पहाड़ी और जनजातीय जिलों में मात्स्यिकी विकास के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत किसी परियोजना को मंजूरी दी है;
(ख) यदि हाँ, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान अनुमोदित परियोजनाओं, स्वीकृत धनराशि और जारी की गई धनराशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) इन जिलों की पहाड़ी भौगोलिक स्थिति और जनजातीय आबादी को ध्यान में रखते हुए वहां मत्स्यपालन के माध्यम से स्थायी आजीविका के अवसर सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (ग): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने वर्ष 2020-21 में असम राज्य सहित सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में मात्स्यिकी क्षेत्र में 20,750 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक प्रमुख योजना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) शुरू की है। PMMSY में अन्य बातों के साथ-साथ, मत्स्य उत्पादन, उत्पादकता, गुणवत्ता, प्रौद्योगिकी, पोस्ट-हार्वेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रबंधन, मूल्य श्रृंखला का आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण, पोस्ट-हार्वेस्ट नुकसान को कम करने, ट्रेसेबिलिटी आदि में महत्वपूर्ण अंतराल(क्रिटिकल गैप्स) को दूर करने की परिकल्पना की गई है। असम राज्य में मात्स्यिकी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने विगत 3 वर्षों (2022-23 से 2024-25) के दौरान 201.84 करोड़ रुपए के केंद्रीय शेयर के साथ कुल 339.47 करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजनाओं को स्वीकृति दी है।

असम सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, विगत 3 वर्षों (2022-23 से 2024-25) के दौरान कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिले में विभिन्न मात्स्यिकी विकास गतिविधियों के लिए 3.93 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है और 2.62 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। विगत 3 वर्षों के दौरान स्वीकृत परियोजनाओं, स्वीकृत फंड और जारी फंड का विवरण अनुबंध-1 में संलग्न है।

*****

अनुबंध-I

असम में PMMSY के संबंध में दिनांक 10 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा के माननीय संसद सदस्य श्री अमरसिंग टिस्सो द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1811 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(रुपए लाख में)

क. जिला: कार्बी आंगलोंग

क्रमांक	**स्वीकृत गतिविधियाँ**	**यूनिट**	**स्वीकृत फंड**	**जारी फंड**
1	नया रेयरिंग पॉण्ड	हे	50.40	25.80
2	पारंपरिक मछुआरों को आजीविका सहायता	सं.	6.00	6.00
3	NEH के अंतर्गत नए तालाब का निर्माण	हे	65.52	58.90
4	फिश फार्मिंग के लिए इनपुट	हे	31.20	7.20
5	फिश कियोस्क	सं.	6.00	0.00
6	आइस बॉक्स के साथ थ्री व्हीलर	सं.	5.40	0.00
7	NEH के अंतर्गत IFS के लिए इनपुट	हे	2.40	2.40
8	वेटलैंड में फिंगरलिंग स्टॉकिंग	हे	0.72	0.72
	कुल		**167.64**	**101.02**

ख. जिला: पश्चिम कार्बी आंगलोंग

क्रमांक	**स्वीकृत गतिविधियाँ**	**यूनिट**	**स्वीकृत फंड**	**जारी फंड**
1	नया रेयरिंग पॉण्ड	हे	42.00	37.52
2	पारंपरिक मछुआरों को आजीविका सहायता	सं.	7.50	7.50
3	NEH के अंतर्गत नए तालाब का निर्माण	हे	52.92	52.92
4	मत्स्यपालन के लिए इनपुट	हे	25.20	0.00
5	मिनी फ़ीड मिल (2 टन/दिन)	सं.	18.00	5.40
6	आइस बॉक्स के साथ थ्री व्हीलर	सं.	1.80	1.80
7	NEH के अंतर्गत IFS के लिए इनपुट	हे	0.90	0.00
8	वेटलैंड में फिंगरलिंग स्टॉकिंग	हे	1.15	0.00
9	फ़िन फ़िश हैचरी	सं.	15.00	6.58
10	बोट और नेट (रिप्लेसमेंट)	सं.	0.402	0.402
	कुल		**164.87**	**112.12**

ग. जिला: दीमा हसाओ

क्रमांक	**स्वीकृत गतिविधियाँ**	**यूनिट**	**स्वीकृत फंड**	**जारी फंड**
1	नया रेयरिंग पॉण्ड	हे	60.42	48.76
2	NEH के अंतर्गत नए तालाब का निर्माण			
3	मत्स्यपालन के लिए इनपुट	सं.		
4	NEH के अंतर्गत IFS के लिए इनपुट	हे		
5	पारंपरिक मछुआरों को आजीविका सहायता	हे		
	कुल		**60.42**	**48.76**

*****